प्राथमिकता

संख्या-59/2016/2582/33-3-2016-268/2016

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,

प्रमुख सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,

उत्तर प्रदेश।

पंचायती राज अनुभाग-3 **लखनऊ: दिनांक: 04 अक्टूबर, 2016**

विषय:- डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्रामों एवं अन्य ग्रामों में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण का सत्यापन कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-50/2016/2415/33-3-2016-268/2016, दिनांक 15 सितम्बर, 2016 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 एवं 2016-17 में चयनित डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम एवं अन्य ऐसे ग्राम जिनमें बड़ी संख्या में शौचालय का निर्माण हो रहा है, का भौतिक सत्यापन कराकर समस्त सत्यापन की संकलित रिपोर्ट 20.10.2016 तक शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश जनपदों को दिये गये है।

शासन के संज्ञान में यह लाया गया है कि कतिपय जनपदों में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत निर्मित होने वाले शौचालय निष्प्रोज्य है अथवा उनका उपयोग अन्य कार्यों में हो रहा है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि पूरे प्रदेश में अभियान चलाकर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत निर्मित होने वाले शौचालयों का शतप्रतिशत भौतिक सत्यापन करा लिया जाय।

अत: पूर्व में जारी शासनादेश संख्या-50/2016/2415/33-3-2016-268/2016, दिनांक 15 सितम्बर, 2016 को संशोधित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पंचायत राज विभाग से भिन्न विभागों के अधिकारियों की टीम के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत निर्मित समस्त शौचालयों का शतप्रतिशत भौतिक सत्यापन कराना

http://shasanadesh.up.nic.in

सुनिश्चित करें। सत्यापन के दौरान यदि शौचालय अक्रियाशील पाये जाते हैं तो अभियान चलाकर उनको क्रियाशील किया जाना भी सुनिश्चित किया जाय, साथ ही साथ इस आशय का प्रमाण पत्र भी शासन को उपलब्ध कराया जाए।

यदि किसी ग्राम पंचायत में धनराशि के दुरूपयोग की स्थिति प्रकाश में आती है तो दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही भी की जाए। यदि शासन/निदेशालय स्तर से कार्यवाही की जानी हो तो अभिमत/स्पष्ट संस्तुति के साथ प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाय। प्राथमिकता के आधार पर सत्यापन कराते हुए समस्त सत्यापन की संकलित रिपोर्ट भी दिनांक 20.10.2016 तक शासन को प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी)

प्रमुख सचिव।

संख्या व दिनांक:-तदैव।

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
2. मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), उ0प्र0।
3. निदेशक, पंचायती राज, उ0प्र0।
4. समस्त उप निदेशक (पं0), पंचायती राज, उ0प्र0।
5. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
6. समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, उ0प्र0।
7. प्रमुख सचिव, नियुक्ति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
8. प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
9. निजी सचिव, मुख्य सचिव/कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।

आज्ञा से,

(एस0पी0सिंह)

उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in